समावेश एवं विदेशी सलाहकार परिषद

राजधानी ड्रेस्डेन की समावेश एवं विदेशी सलाहकार परिषद में **20 सदस्य** हैं – जिनमें से 11 आव्रजन की पृष्ठभूमि वाले हैं और 9 नगर-निगम के सदस्य हैं। परिषद का अध्यक्ष एक आव्रजन पृष्ठभूमि वाला सदस्य होता है जबकि उपाध्यक्ष नगर पालिका का सदस्य होता है।
शहर की **सभी योजनाओं**, जिनका विदेशी व्यक्तियों पर विशेष रूप से प्रभाव पड़ सकता है, पर समितियों और नगर पालिका में अंतिम निर्णय लिए जाने से पहले, इन्हें मेयर के परामर्शदाता के रूप में, अपनी राय देने के लिए समावेश एवं विदेशी सलाहकार परिषद को जमा किया जाएगा।
समावेश एवं विदेशी सलाहकार परिषद में आव्रजन की पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों के किसी भी प्रतिनिधि दल को विदेशी व्यक्तियों से प्रत्यक्ष संबंध रखने वाले प्रश्नों पर **सुनवाई** और **विचार-विमर्श** का अधिकार होगा। समावेश एवं विदेशी सलाहकार परिषद में आव्रजन की पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों के किसी भी प्रतिनिधि दल को नगर पालिका की प्रत्येक समिति बैठक में **विशेषज्ञ नागरिक के रूप में भाग लेने** की अनुमति है, जब तक कि विदेशी व्यक्तियों से सरोकार रखने वाले प्रश्न उठाए जाते हैं। प्रतिनिधि दल का चुनाव समावेश एवं विदेशी सलाहकार परिषद के द्वारा किया जाता है।
समावेश एवं विदेशी सलाहकार परिषद राजधानी ड्रेस्डेन के मीडिया एवं जनसंपर्क कार्यालय के संयोजन में अपने कार्यों के बारे में **लोगों को सूचित कर सकती है** और प्रेस वक्तव्य जारी कर सकती है, जब तक कि इसमें गोपनीय बातें शामिल न हों।
समावेश और विदेशी सलाहकार परिषद की गतिविधि और चुनाव को एक **अधिनियम** और एक **चुनावी प्रावधान** के द्वारा व्यवस्थित किया गया है।